पंजाब केसरी
FRI,10 APRIL 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

धर्मशाला, 9 अप्रैल (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के युवाओं के लिए प्राथमिक शिक्षक बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए डी.एल.एड. शैक्षणिक सत्र 2026-28 की प्रवेश परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस 2 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टैस्ट की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 4 अप्रैल से शुरू हो चुकी है।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके बाद, जो अभ्यर्थी समय पर आवेदन नहीं कर पाएंगे, उन्हें 27 से 29 अप्रैल तक 500 रुपए अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का अवसर मिलेगा। बोर्ड द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यदि किसी अभ्यर्थी से आवेदन पत्र भरते समय कोई चूक हो जाती है, तो उसे सुधारने के लिए 30 अप्रैल से 2 मई तक ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। हालांकि, श्रेणी या उप-श्रेणी में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं जरूरी दस्तावेजों के साथ 5 मई तक धर्मशाला स्थित बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। इस वर्ष की प्रवेश परीक्षा 31 मई को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए रोल नंबर परीक्षा से ठीक 4 दिन पहले जारी किए जाएंगे। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 900 रुपए और आरक्षित वर्गों के लिए 600 रुपए रखा गया है।



शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 26 अप्रैल तक आवेदन सुनिश्चित करें। 30 अप्रैल से ऑनलाइन सुधार की सुविधा मिलेगी और 31 मई को परीक्षा का पारदर्शी संचालन किया जाएगा। किसी भी सहायता के लिए बोर्ड के हैल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

– डा. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

# HPBOSE meets NEP targets, revamps assessment system

Board cites major strides in evaluation reforms, says key NEP goals achieved

DHARAMSALA, APRIL 9

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has said it has met several key targets under the National Education Policy-2020, rolling out wide-ranging reforms in assessment and evaluation.

Chief among these is the introduction of competency-based question papers for Classes X to XII, aimed at strengthening conceptual understanding and analytical thinking. A corresponding question bank for Classes IX to XII has also been developed, giving students a broader pool of practice material.

The Board has additionally rolled out the Holistic Progress Card for the secondary stage — Classes IX to XII — shifting the focus of assessment from marks alone to the overall development of the student. A credit framework has been adopted alongside, making academic achievements more flexible and standardised.

To monitor school quality, the State School Standards Authority framework has been put in place as a mechanism for maintaining educational standards across the state.

In a student-friendly measure, a dual examination system has been introduced for Class X, allowing students two attempts within the same academic year to reduce exam-related stress.

"HPBOSE has made significant strides in aligning the state's education system with the vision of NEP 2020. Our focus remains on creating a transparent, student-centric and competency-driven learning environment," said Board Chairman Dr Rajesh Sharma.

He added that the Board is working towards implementing the three-language formula to build multilingual proficiency and prepare students for national and global opportunities. Dr Sharma also announced that the second phase of spot evaluation for Class X and XII examinations will begin on April 16. He said maintaining the credibility of the examination system remains the Board's top priority and that all processes have been streamlined accordingly.

He urged officials, staff and teachers to carry out their duties with honesty, integrity and confidentiality, adding that the evaluation is being conducted under an advanced surveillance system to ensure continuous monitoring and leave no room for irregularities. — TNS

The Tribune
Fri, 10 April 2026
https://epaper.tribuneindia.com/c/79593820

# हिंदी की किताब में लता मंगेशकर को पढ़ेंगे विद्यार्थी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई और राज्यों के शिक्षा बोर्ड के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हिंदी की किताब गंगा में भारत रत्न लता मंगेशकर को पढ़ेंगे।

झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की दुर्गा दल की सेनापति व हमशक्ल झलकारी बाई, लाला लाजपतराय और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत दिलाने वाले परमवीर चक्र विजेता निर्मलजीत सिंह शेखों को भी पढ़ेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा नौवीं की हिंदी की नई पाठयपुस्तक को गंगा नाम दिया है।

इस पुस्तक के जरिये छात्रों को भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों का ताना-बाना समझने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, मुंशी प्रेमचंद की संवेदनशील रचना दो बैलों की कथा, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का सृजनात्मक द्वंद्व तो संवादहीन में शेखर जोशी के आधुनिक जीवन की झलक से भी रूबरू होंगे। ब्यूरो

Dainik Jagran 10-04-2026

# डीएलएड सीईटी परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन आरंभ

**संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कामन एंट्रेस टेस्ट के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा के मुताबिक अभ्यर्थी 26 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

विलंब शुल्क सहित आवेदन 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र में त्रुटियों के सुधार को 30 अप्रैल से दो मई तक आनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी। डीएलएड सीईटी-2026 की परीक्षा 31 मई को आयोजित की जाएगी तथा प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 900 जबकि एससी, एसटी, ओबीसी के लिए 600 निर्धारित किया गया है जबकि विलंब शुल्क 500 अतिरिक्त देय होगा।

Divya Himachal
10-04-2026

# डीएलएड एंट्रेंस टेस्ट के लिए 26 तक करें आवेदन

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो— धर्मशाला**

गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य के कुशल शिक्षक तैयार करने की दिशा में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कदम बढ़ा दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली कामन एंट्रेस टेस्ट-2026 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चार अप्रैल से शुरू हो गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 26 अप्रैल तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यदि कोई अभ्यर्थी इस अवधि में चूक जाता है, तो उसे 27 से 29 अप्रैल के बीच 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन का अंतिम अवसर मिलेगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र में हुई सामान्य गलतियों के सुधार के लिए 30 अप्रैल से दो मई तक ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। हालांकि, श्रेणी (कैटेगिरी) में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए अभ्यर्थियों को पांच मई तक स्वयं बोर्ड कार्यालय में प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होना होगा। डा. राजेश शर्मा के अनुसार, इस राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई को किया जाएगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर एग्जाम से चार दिन पहले अपलोड कर दिए जाएंगे। आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य वर्ग के लिए 900 रूपए और आरक्षित वर्गों (एससी, एसटी, ओबीसी पीएचएच, ईडब्लयूएस) के लिए 600 रूपए निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को यह शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम (डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग) से ही जमा करना होगा।

# डीएलएड प्रवेश के लिए आवेदन शुरू



धर्मशाला, ( आपका फैसला )। हिमाचल प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अहम पहल की है। धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय से अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए प्राथमिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा (डीएलएड) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 4 अप्रैल, 2026 से शुरू हो चुकी है। बोर्ड ने पात्र अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय में किसी तकनीकी समस्या से बचा जा सके। डॉ. राजेश शर्मा के अनुसार, अभ्यर्थी 26 अप्रैल, 2026 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 27 से 29 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र में ऑनलाइन सुधार के लिए 30 अप्रैल से 2 मई तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं, श्रेणी या उप-श्रेणी में बदलाव कराने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 5 मई, 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होना होगा। प्रवेश परीक्षा 31 मई, 2026 (रविवार) को प्रदेशभर में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पहले जारी किए जाएंगे। शुल्क संरचना के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 900 रुपये और आरक्षित वर्ग के लिए 600 रुपये निर्धारित किया गया है। विलंब से आवेदन करने पर 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें और किसी भी तरह की शंका होने पर बोर्ड के दूरभाष नंबर के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

Anant Gyan 10-04-2026

# डीएलएड सीईटी-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) में प्रवेश हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी )-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 4 अप्रैल से शुरू कर दी गई है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि 27 से 29 अप्रैल तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार होंगे। आवेदन में सुधार 30 अप्रैल से 2 मई तक किया जा सकेगा। परीक्षा 31 मई को आयोजित होगी और प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पहले जारी किए जाएंगे।


डिजिटल अख़बार
# पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
09 अप्रैल, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षक निर्माण की दिशा में पहल : डी.एल.एड. सीईटी-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**विलंब शुल्क सहित आवेदन 27 अप्रैल से 29 अप्रैल 2026 तक किए जाएंगे स्वीकार**

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा द्वारा सूचित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (D.El.Ed.) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित किए जाने वाले कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (CET)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 04 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन करने का आह्वान किया गया है।



डॉ. शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी 26 अप्रैल 2026 तक (नॉन ट्राइबल एवं ट्राइबल एरियाज) अपने ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। विलंब शुल्क सहित आवेदन 27 अप्रैल से 29 अप्रैल 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र में त्रुटियों के सुधार हेतु 30 अप्रैल से 02 मई 2026 तक ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी, जबकि श्रेणी (कैटेगरी/सब सीटेगरी) में संशोधन के लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित 05 मई 2026 तक व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

## 31 मई 2026 को आयोजित होगी परीक्षा

राजेश शर्मा ने आगे बताया कि डी.एल.एड. सीईटी-2026 की परीक्षा 31 मई 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी तथा प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 900/- रुपये तथा SC/ST/OBC/PHH/EWS वर्ग के लिए 600/- रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि विलंब शुल्क 500/- रुपये अतिरिक्त देय होगा। शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम (Debit Card/Credit Card/Net Banking) के माध्यम से किया जा सकेगा।

## सभी अभ्यर्थियों से की समय-सीमा के पालन की अपील

डॉ. राजेश शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय-सीमा का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] का अवलोकन करें। किसी भी प्रकार की सहायता हेतु बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क किया जा सकता है।